Sixteenth Loksabha

an>

Title: Special Discussion to Commemorate the 75th Anniversary of the Quit India Movement.

माननीय अध्यक्ष : माननीय प्रधान मंत्री जी।

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका और सदन के सभी आदरणीय सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ और हम सब आज गौरव भी महसूस कर रहे हैं कि अगस्त क्रांति का स्मरण करने का इस सदन के पवित्र स्थान पर हम लोगों को सौभाग्य मिला है। हम में से बहुत से लोग हैं, जिन्हें शायद अगस्त क्रांति, नौ अगस्त और उन घटनाओं का स्मरण होगा, लेकिन उसके बाद भी हम लोगों के लिए भी पुनः स्मरण एक प्रेरणा का कारण बनता है। सामाजिक जीवन में ऐसी महत्वपूर्ण घटनाओं का बार-बार स्मरण, जीवन की भी अच्छी घटनाओं का बार-बार स्मरण, जीवन को एक नई ताकत देता है, राट्र जीवन को भी एक नई ताकत देता है। उसी प्रकार से हमारी जो नई पीढ़ी है, उन तक भी यह बात पहुंचाना हम लोगों का कर्त्तव्य रहता है। पीढ़ी दर पीढ़ी इतिहास के इन स्वर्णिम पृठों को उस समय के माहौल को, उस समय के हमारे महापुरूाों के बलिदान को, कर्त्तव्य को, सामर्थ्य को, आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भी हर पीढ़ी का दायित्व रहता है। जब अगस्त क्रांति के 25 साल हुए, 50 साल हुए, देश के सभी लोगों ने उन घटनाओं का स्मरण किया था। आज 75 साल हो रहे हैं और मैं इसे बड़ा महत्वपूर्ण मानता हूँ और इसलिए मैं अध्यक्ष महोदया जी का आभारी हूँ कि आज हमें यह अवसर मिला है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में 09 अगस्त एक ऐसी अवस्था में है, इतने व्यापक और इतने तीव्र आंदोलन की अंग्रेजों ने भी कल्पना नहीं की थी। महात्मा गांधी एवं सभी वरिठ नेता जेल चले गए और वही पल था कि अनेक नए नेतृत्व ने जन्म लिया। लाल बहादुर शास्त्री, राम मनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण आदि अनेक वीर युवाओं ने उस समय जो खाली जगह थी, उसको भरा और आंदोलन को आगे बढ़ाया।

इतिहास की ये घटनायें हम लोगों के लिए एक नई प्रेरणा, नया सामर्थ्य, नया संकल्प, नया कर्तव्य जगाने के लिए किस प्रकार से अवसर बनें, यह हम लोगों का निरन्तर प्रयास रहना चाहिए। वा 1947 में देश आजाद हुआ, एक प्रकार से वा 1857 से लेकर वा 1947 तक आजादी के आन्दोलन के अलग-अलग पड़ाव आये, अलग-अलग पराक्रम हुए, अलग-अलग बलिदान हुए। उतार-चढ़ाव भी आये, अलग-अलग मोड़ पर से यह आन्दोलन गुजरा, लेकिन वा 1947 की आजादी के पहले वा 1942 की घटना एक प्रकार से अन्तिम व्यापक आन्दोलन था, अन्तिम व्यापक जन संघा था और उस जन संघा ने आजादी के लिए देशवासियों को सिर्फ समय का ही इन्तजार था, वह स्थिति पैदा कर दी थी। जब हम आजादी के इस आन्दोलन की ओर देखते हैं तो वा 1942 एक ऐसी पीठिका तैयार हुई थी, वा 1857 का स्वतंत्रता संग्राम, एक साथ देश के हर कोने में आजादी का बिगुल बजा था। उसके बाद महात्मा गाँधी का विदेश से लौटना, लोकमान्य तिलक का "पूर्ण स्वराज" और "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है", के भाव को प्रकट करना। वा 1930 में महात्मा गाँधी का दांडी मार्च, नेताजी सुभाा बोस द्वारा आजाद हिन्द फौज की स्थापना, अनेक वीर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, चन्द्रशेखर आजाद, चाफेकर बंधु अनगिनत वीर अपने-अपने समय पर बलिदान देते रहे। इन सारों ने एक पीठिका तैयार की और इस पीठिका का परिणाम था कि बयालीस ने देश को एक उस छोर पर लाकर रख दिया कि अब नहीं तो कभी नहीं, आज नहीं होगा तो फिर कभी नहीं होगा, यह मिजाज देशवासियों का बन गया था। इसके कारण उस आन्दोलन में इस देश का छोटा-मोटा हर व्यक्ति जुड़ गया था। कभी लगता था कि आजादी का आन्दोलन एक ऐलीट क्लास के द्वारा चल रहा है, लेकिन बयालीस की घटना, देश का कोई कोना ऐसा नहीं था, देश का कोई वर्ग ऐसा नहीं था, देश की कोई सामाजिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि जिसने इसे अपना न माना हो और गाँधी के शब्दों को लेकर वे चल पड़े थे। यही तो आन्दोलन था, जब अन्तिम स्वर में बात आई कि "भारत छोड़ो" और सबसे बड़ी बात है कि महात्मा

गाँधी के पूरे आन्दोलन में जो भाव कभी प्रकट नहीं हो सकता था, पूरे गाँधी के चिन्तन-मनन और विचार-आचार को देखें, उससे हटकर घटना घटी। इस महापुरूा ने कहा कि "करेंगे या मरेंगे।" गाँधी के मुँह से "करेंगे या मरेंगे" शब्द देश के लिए अजूबा था और इसलिए गाँधी को भी उस समय कहना पड़ा था और उन्होंने यह शब्द कहा था कि आज से आपमें हर एक को, स्वयं को एक स्वतंत्र महिला या पुरूा समझना चाहिए और इस प्रकार काम करना चाहिए मानो आप स्वतंत्र हैं। मैं पूर्ण स्वतंत्रता से कम किसी भी चीज पर संतुट होने वाला नहीं हूँ। हम करेंगे या मरेंगे। ये बापू के शब्द थे और बापू ने स्पट भी किया था कि मैंने अपने अहिंसा के मार्ग को छोड़ा नहीं है, लेकिन आज स्थिति ऐसी है और उस समय जन-सामान्य का दबाव ऐसा था कि बापू के लिए भी उसका नेतृत्व संभालते हुए उन जन-भावनाओं के अनुकूल इन शब्दों का प्रयोग करना पड़ा था।

मैं समझता हूँ कि उस समय समाज के जब सभी वर्ग जुड़ गए - गाँव हो, किसान हो, मज़दूर हो, टीचर हो, स्टूडैंट हो, हर कोई इस आंदोलन के साथ जुड़ गए और 'करेंगे या मरेंगे' की बात कहते थे। बापू तो यहाँ तक कहते थे कि अंग्रेज़ों की हिंसा के कारण कोई भी शहीद होता है तो उसके शरीर पर एक पट्टी लिखनी चाहिए - 'करेंगे या मरेंगे,' और वह इस आज़ादी के आंदोलन का शहीद है, इस प्रकार की ऊंचाई तक इस आंदोलन को बापू ने ले जाने का प्रयास किया था। उसी का परिणाम था कि भारत गुलामी की जंज़ीरों से मुक्त हुआ। देश उस मुक्ति के लिए छटपटा रहा था। नेता हो या नागरिक, किसी की इस भावना की तीव्रता में कसू भर भी अंतर नहीं था। मैं समझता हूँ कि देश जब उठ खड़ा होता है, सामूहिकता की शक्ति जब पैदा होती है, लक्ष्य निर्धारित होता है और निर्धारित लक्ष्य पर चलने के लिए लोग कृत-संकल्प होकर चल पड़ते हैं तो 1942 से 1947 - पाँच साल के भीतर बेड़ियाँ चूर-चूर हो जाती हैं और माँ भारती आज़ाद हो जाती है।

रामवृक्ष बेनीपुरी ने एक किताब लिखी है - 'ज़ंज़ीरें और दीवारें।' उस परिस्थिति का वर्णन करते हुए उन्होंने लिखा है कि एक अद्‌भुत वातावरण पूरे देश में बन गया था।

उस पल को उन्होंने शब्दांकित किया था -

> "हर व्यक्ति नेता बन गया और देश का प्रत्येक चौराहा 'करो या मरो' आंदोलन का दफ्तर बन गया। देश ने स्वयं को क्रांति के हवन कुंड में झोंक दिया। क्रांति की ज्वाला देश भर में धू-धू करके जल रही थी। बंबई ने रास्ता दिखा दिया, आवागमन के सारे साधन ठप हो चुके थे, कचहरियाँ वीरान हो चली थीं। भारत के लोगों की वीरता और ब्रिटिश सरकार की नृशंसता की खबरें सब दूर पहुँच रही थीं। जनता ने 'करो या मरो' के गांधीवादी मंत्र को अच्छी तरह दिल में बैठा दिया था। "

उस समय का यह वर्णन उस किताब में जब पढ़ते हैं, तब पता लगता है कि किस प्रकार का माहौल होगा। एक वह समय था, और यह बात सही है कि ब्रिटिश उपनिवेशवाद का आरंभ हिन्दुस्तान में हुआ और इस घटना के बाद उसका अंत भी हिन्दुस्तान से हुआ था। भारत आज़ाद होना सिर्फ भारत की आज़ादी नहीं थी। 1942 के बाद, विश्व के जिन-जिन भूभाग में, अफ्रीका और एशिया में इस उपनिवेशवाद के खिलाफ एक ज्वाला भड़की, उसका प्रेरणा केन्द्र भारत बन गया था। इसलिए भारत सिर्फ भारत की आज़ादी नहीं, आज़ादी की ललक विश्व के कई भागों में फैलाने में भारत के जनसामान्य का संकल्प और कर्तुत्व कारण बन गया था और कोई भी भारतीय इस बात के लिए गर्व कर सकता है। उसको हमने देखा कि एक बार भारत आज़ाद हुआ, तो उसके बाद एक के बाद एक उपनिवेशवाद के सारे लोगों के झंडे ढहते गए और आज़ादी सब दूर पहुँचने लगी। कुछ ही वााँ में दुनिया के इन सारे देशों को आज़ादी प्राप्त हो गई। यह काम बताता है कि यह भारत की प्रबल इच्छाशक्ति का एक उत्तमोत्तम परिणाम था। हमारे लिए सबक यही है कि जब हम एक बनकर के, संकल्प लेकर के, पूरे सामर्थ्य के साथ निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जुड़ जाते हैं तो यह देश की ताकत है कि हम देश को संकटों से बाहर निकाल देते हैं, देश को गुलामी की ज़ंज़ीरों से बाहर निकाल सकते हैं, देश को नए लक्ष्य की प्राप्ति के

लिए तैयार कर सकते हैं, यह इतिहास ने बताया है। उस समय इस पूरे आंदोलन को और पूज्य बापू के व्यक्तित्व को लगते हुए राट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी की जो कविता है, बापू का सामर्थ्य क्या है, उसको वह प्रकट करती है। उस कविता में उन्होंने कहा था -

चल पड़े जिधर दो डग, मग में

चल पड़े कोटि पग उसी ओर;

गड़ गयी जिधर भी एक दृटि,

गड़ गए कोटि दृग उसी ओर,

जिस तरफ गांधी के दो कदम चल देते थे, उस तरफ अपने आप करोड़ों लोग चल पड़ते थे। जिधर गांधी जी की दृटि टिक जाती थी, उधर करोड़ों-करोड़ आंखें देखने लग जाती थीं। इसलिए, आज जब हम वर्ा 2017 में हैं, हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि आज हमारे पास गांधी नहीं हैं, उस समय जो ऊंचाई वाला नेतृत्व था, वह आज हमारे पास नहीं है। लेकिन, सवा सौ करोड़ देशवासियों के विश्वास के साथ बैठे हुए हम सब लोग मिल करके उन सपनों को पूरा करने का प्रयास करें तो मैं मानता हूं कि गांधी के सपनों को, उन स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करना मुश्किल काम नहीं है। आज का यह अवसर इसी बात के लिए है। उस समय भी वर्ा 1942 में जो वैश्विक हालात थे, वह भारत की आज़ादी के लिए बड़ा अनुकूल था। जो भी उस इतिहास से परिचित हैं, उन्हें मालूम है। मैं समझता हूं कि आज फिर से एक बार वर्ा 2017 में, जबकि 'क्वीट इंडिया मूवमेंट' के हम 75 साल मना रहे हैं, उस समय विश्व में वह अनुकूलता है, जो भारत के लिए बहुत सहानुकूल है और उस अनुकूल व्यवस्था का फ़ायदा हम जितनी जल्दी उठा लें, जैसे उस समय विश्व के कई देशों के लिए हम प्रेरणा का कारण बने थे, अगर आज हम मौका ले लें, तो आज फिर से एक बार हम विश्व के कई देशों के लिए उपयोगी हो सकते हैं, प्रेरणा का कारण बन सकते हैं, ऐसे मोड़ पर आज हम खड़े हैं। वर्ा 1942 और 2017, इन दोनों के वैश्विक परिवेश में भारत का महात्म्य, भारत के लिए अवसर समान रूप से खड़े हैं और उस समय हम इस बात को कैसे लें, इस जिम्मेदारी को कैसे लें। मैं मानता हूं, इतिहास के इन प्रकरणों से, सामर्थ्य से प्रेरणा लेकर कि हमारे लिए दल से बड़ा देश होता है, राजनीति से ऊपर राट्र नीति होती है, मेरे अपने से ऊपर सवा सौ करोड़ देशवासी होते हैं, अगर उस भाव को लेकर हम उठ चलें, हम सब मिल कर आगे बढ़ें तो हम इन समस्याओं के खिलाफ सफलतापूर्वक आगे बढ़ सकते हैं। हम इस बात से इन्कार कैसे कर सकते हैं कि भ्रटाचार रूपी दीमक ने देश को कैसे तबाह करके रखा हुआ है। राजनीतिक भ्रटाचार हो या सामाजिक भ्रटाचार हो या व्यक्तिगत भ्रटाचार हो, कल क्या हुआ, कब किस ने क्या किया, इसके विवाद के लिए समय बहुत होते हैं, लेकिन आज इस पवित्र पल में हम आगे कोई ईमानदारी का उत्सव मना सकते हैं, ईमानदारी का संकल्प लेकर क्या देश का नेतृत्व कर सकते हैं, क्या देश को ले जा सकते हैं, यह समय की मांग है, देश के सामान्य मानवी की मांग है।

गरीबी, कुपोाण, अशिक्षा, ये हमारे सामने चुनौतियां हैं। इन चुनौतियों को हम सरकार की चुनौतियां न मानें। ये चुनौतियां देश की हैं, देश के गरीब के सामने संकट भरे सवाल खड़े हैं और इसलिए देश के लिए जीने-मरने वाले, देश के लिए संकल्प करने वाले हम सब लोगों का दायित्व बनता है कि इसको पूरा करने के लिए हम कुछ मुद्दों पर एक हों। वर्ा 1942 में भी अलग-अलग धारा के लोग थे, हिंसा में विश्वास करने वाले भी लोग थे। नेताजी सुभाा बाबू की सोच अलग थी, लेकिन '42 में सबने एक स्वर से कह दिया था कि आज तो गांधी के नेतृत्व में 'क्वीट इंडिया', यही हमारा मार्ग है।

हमारे लालन-पालन तथा विचारधारा अलग-अलग रही होंगी, लेकिन यह समय की मांग है कि हम कुछ बिंदुओं से देश को मुक्त कराने के लिए संकल्प का अवसर लेकर चलें; चाहे गरीबी हो, भुखमरी हो, अशिक्षा हो या अंधश्रद्धा हो। महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज का सपना कितना पीछे छूट गया है। क्या कारण है कि लोग गांवों को छोड़ कर शहरों की ओर बस रहे हैं? गांव की उस

चिंता को तथा गांधी जी के मन में जो गांव था, क्या हम अपने भीतर उनको पुनजीर्वित कर सकते हैं? गांव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोाित, वंचितों के जीवन के लिए अगर हम कुछ कर सकते हैं, तो हमें मिलकर करना है। यह सवाल मेरे और तेरे का नहीं है, यह सवाल उस पार या इस पार का नहीं है, बल्कि यह सवाल हम सभी का है, देश के सवा सौ करोड़ देशवासियों का है और सवा सौ करोड़ देशवासियों के जनप्रतिनिधियों का है। यही वह समय होता है जब हम लोगों को कुछ कर लेने के लिए वह प्रेरणा हमें शक्ति देती है और हम उसको लेकर आगे चल सकते हैं।

हम यह भी जानते हैं कि देश में जाने-अनजाने अधिकार भाव प्रबल होता चला गया और कर्तव्य भाव लुप्त होता गया। राट्र जीवन के अंदर, समाज जीवन के अंदर अधिकार भाव का महात्मय उतना ही रहते हुए, अगर हम कर्तव्य भाव को थोड़ा सा भी कम आंकने लगेंगे, तो समाज जीवन में कितनी बड़ी मुसीबतें होंगी, दुर्भाग्य से हम लोगों के वे ऑफ लाइफ तथा हमारे चरित्र में कुछ चीजें घुस गई हैं, जिनमें हमें बुराई नहीं लगती कि हम लोग गलत कर रहे हैं। अगर मैं चौराहे पर रेड लाइट को छोड़कर या क्रॉस करके निकल जाता हूं, तो मुझे लगता ही नहीं है कि मैं कानून तोड़ रहा हूं। मैं कहीं पर थूक देता हूं, गंदगी करता हूं, लेकिन हमें लगता ही नहीं है कि मैं गलत कर रहा हूं। हम अपने कर्तव्य भाव से तथा एक प्रकार से हमारे जहन में, हमारे वे ऑफ लाइफ में इस प्रकार के नियमों को तोड़ना, कानूनों को तोड़ना एक स्वाभाव बनता चला जा रहा है। छोटी-छोटी घटनाएँ हिंसा की ओर ले जा रही हैं। अस्पताल में किसी डॉक्टर द्वारा अगर किसी पेशेंट का कुछ हुआ, डॉक्टर दोाी है या नहीं है, अस्पताल दोाी है या नहीं है, रिश्तेदार वहां जाते हैं और अस्पताल में आग लगा देते हैं, डॉक्टर को मारते-पीटते हैं। हर छोटी-मोटी घटना, अगर कहीं एक्सीडेंट हो गया, तो हम कार को जला देते हैं, ड्राईवर को मार देते हैं। यह जो प्रवृत्ति चली है, लॉ एबाइडिंग सिटिजन के नाते हमारा कर्तव्य होना चाहिए तथा हम मानने लगे हैं कि यह हमारे से छूट गया है। हमारे वे ऑफ लाइफ में ऐसी चीजें घुस गई हैं, जैसे हमें लगता ही नहीं है कि हम कानून तोड़ रहे हैं। इसलिए, यह लीडरशिप की जिम्मेवारी होती है, समाज के अंदर हम सभी की जिम्मेवारी होती है कि समाज के अंदर इन दोाों से मुक्ति दिला करके कर्तव्य भाव को जगाएं।

शौचालय एवं स्वच्छता का विाय मजाक का नहीं है। हम उन माँ-बहनों की परेशानी को समझें, तब हमें पता चलता है कि जब शौचालय नहीं होता है और रात के अंधेरे का इंतजार करते समय कैसे दिन बिताना पड़ता है। शौचालय बनाना एक काम है, लेकिन समाज की मानसिकता बदल करके शौचालय का उपयोग करना, जन सामान्य की शिक्षा के लिए आवश्यक है। हमें इस भाव को जगाना होगा। यह भाव कानूनों से नहीं होता है, कानून बनाने से नहीं होता है। कानून उसमें मदद कर सकता हैं, लेकिन कर्तव्य भाव जगाने से ज्यादा हो सकता है। इसलिए, हम लोगों को यह काम करना होगा। हमारे देश की माताएं-बहनें देश के अंदर तथा कम से कम देश पर जो उनका बोझ है, देश को कम से कम जिनका बोझ सहना पड़ता है। अगर वह कोई वर्ग है, तो इस देश की माताएं, बहनें व महिलाएं हैं। उनकी सामर्थ्य हमें कितनी ताकत दे सकती है, उनकी भागीदारी हमारे विकास के अंदर हमें कितना बल दे सकती है? पूरी आजादी के आंदोलन में देखिए, महात्मा गांधी जी के साथ जहां-जहां भी आंदोलन हुआ, अनेक ऐसी माताएं-बहनें उस आंदोलन का नेतृत्व करती थीं और देश को आजादी दिलाने में हमारी माताओं-बहनों का उस युग में भी उतना ही योगदान था। आज भी राट्र के जीवन में उनका उतना ही योगदान है। उसको आगे बढ़ाने की दिशा में हम लोगों को कर्तव्य से आगे बढ़ना चाहिए।

यह बात सही है कि 1857 से 1942, हमने देखा कि आजादी का आंदोलन अलग-अलग पड़ाव से गुजरा, उतार-चढ़ाव आए, अलग-अलग मोड़ आए, नेतृत्व नये-नये आते गए। कभी क्रांति का पक्ष ऊपर हो गया, कभी अहिंसा का पक्ष ऊपर हो गया, कभी दोनों धाराओं के बीच टकराव का भी माहौल रहा, तो कभी दोनों धारायें एक-दूसरे की पूरक भी हुईं। यह सारा 1857 से 1942 का कालखंड हम देखें, एक प्रकार से इनक्रीमेंटल था, धीरे-धीरे बढ़ रहा था, धीरे-धीरे फैल रहा था, धीरे-धीरे लोग जुड़ रहे थे। लेकिन 1942 टू 1947, वह इनक्रीमेंटल चेंज नहीं था, एक डिसरप्शन का एनवायर्नमेंट था। उसने सारे समीकरणों को खत्म करके आजादी देने के लिए अंग्रेजों को मजबूर कर दिया था, जाने के लिए मजबूर कर दिया था। 1857 से 1942, धीरे-धीरे कुछ होता रहता था, चलता रहता था, लेकिन 1942 टू 1947, वह स्थिति नहीं थी।

हम समाज, जीवन में देखें, पिछले 100-200 सालों का इतिहास देखें, तो विकास की यात्रा एक इनक्रीमेंटल रही थी। धीरे-धीरे दुनिया आगे बढ़ रही थी, धीरे-धीरे दुनिया अपने आपको बदल रही थी। लेकिन पिछले 30-40 सालों में दुनिया में अचानक बदलाव आया, जीवन में अचानक बदलाव आया और टेक्नोलॉजी ने बहुत बड़ा रोल प्ले किया। कोई कल्पना नहीं कर सकता कि इन 30-40 सालों में दुनिया में जो बदलाव आया है, व्यक्ति के जीवन में, मानव जीवन में, सोच में जो बदलाव आया है, 30-40 साल पहले हमें नजर भी नहीं आता था। हम डिसरप्शन वाला एक पॉजिटिव चेंज अनुभव करते हैं। जिस प्रकार से इनक्रीमेंटल से बाहर निकल करके एकदम से एक हाई जम्प की तरफ चले गए, मैं समझता हूं कि 2017-2022, क्विट इंडिया के 75 साल और आजादी के 75 साल के बीच के 5 साल, 1942 टू 1947 का जो मिजाज था, वही मिजाज अगर हम दोबारा देश में पैदा करें, 2017 टू 2022 आजादी के 75 साल मनायेंगे, तब देश की आजादी के वीरों की जो कामनायें थीं, उन सपनों को पूरा करने के लिए हम अपने आपको खपायेंगे, हम अपने संकल्प को लेकर आगे चलेंगे। मुझे विश्वास है कि न सिर्फ हमारे देश का भला होगा, लेकिन जैसे 1942 टू 1947 की सफलता के कारण दुनिया के अनेक देशों को लाभ मिला, आजादी की ललक पैदा हुई, ताकत मिली, भारत को आज दुनिया के कई देश, एक भाग ऐसा है, जो भारत को उस रूप में देख रहा है। अगर हम 2017 टू 2022 जो कि हम लोगों की जिम्मेदारी का कालखंड है, अगर हम विश्व के सामने भारत को उस ऊंचाई पर लेकर जाते हैं, तो विश्व का एक बहुत बड़ा समुदाय है, जो किसी नेतृत्व की तलाश में, मदद की तलाश में है, किसी के प्रयोगों से सीखना चाहता है, भारत उस पूर्ति के लिए सामर्थ्यवान है, अगर उसको करने के लिए हम कोशिश करें, तो मैं समझता हूं कि देश की बहुत बड़ी सेवा होगी। इसलिए एक सामूहिक इच्छाशक्ति जगाना, देश को संकल्पबद्ध करना, देश के लोगों को साथ जोड़ कर चलना और इन पांच वर्षों के महत्व को हम अगर आगे बढ़ायेंगे, तो मुझे विश्वास है कि हम कुछ मुद्दों पर सहमति बना करके बहुत बड़ा काम कर सकते हैं।

हमने अभी-अभी जीएसटी देखा। यह मैं बार-बार कहता हूं, यह मेरा सिर्फ राजनीतिक स्टेटमेंट नहीं है, यह मेरा कन्विक्शन है। जीएसटी की सफलता किसी सरकार की सफलता नहीं है, जीएसटी की सफलता किसी दल की सफलता नहीं है, जीएसटी की सफलता इस सदन में बैठे हुए लोगों की इच्छाशक्ति का परिणाम है। चाहे यहां बैठे हों, चाहे वहां बैठे हों, यश सब को जाता है, राज्यों को जाता है, देश के सामान्य व्यापारी को जाता है और उसी के कारण यह सम्भव हुआ है। देश का राजनीतिक नेतृत्व अपनी प्रतिबद्धता के कारण इतना बड़ा काम कर लेता है, यह दुनिया के लिए अजूबा है। जीएसटी विश्व के लिए बहुत बड़ा अजूबा है, उसके स्केल को देखते हुए, अगर यह देश इसे कर सकता है, तो और भी सारे निर्णय यह देश मिल-बैठ करके कर सकता है। सवा सौ करोड़ देश वासियों के प्रतिनिधि के रूप में, सवा सौ करोड़ देशवासियों को साथ लेकर, 2022 को संकल्प में लेकर अगर हम चलेंगे, मुझे विश्वास है कि जो परिणाम हमें लाना है, उस परिणाम को हम लाकर रहेंगे। महात्मा गांधी ने नारा दिया था, 'करो या मरो। ' उस समय का सूत्र था, करेंगे या मरेंगे। 2017 में 2022 का भारत कैसा हो, यह संकल्प लेकर चलना है कि हम लोग, हम सब मिलकर देश से भ्रटाचार दूर करेंगे और करके रहेंगे। हम सभी मिलकर गरीबों को उनका अधिकार दिलाएंगे और दिलाकर रहेंगे। हम सभी मिलकर नौजवानों को स्वरोजगार के और अवसर देंगे और देकर रहेंगे। हम सभी मिलकर देश से कुपोाण की समस्या को खत्म करेंगे और करके रहेंगे। हम सभी मिलकर महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने वाली बेड़ियों को खत्म करेंगे और करके रहेंगे। हम सभी मिलकर देश से अशिक्षा खत्म करेंगे और करके रहेंगे, और भी कई विाय हो सकते हैं।

उस समय का मंत्र था - करेंगे या मरेंगे। हम आजाद हिन्दुस्तान में 75 साल बाद आजादी का पर्व मनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं तब - करेंगे और करके रहेंगे, के संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगे। यह संकल्प किसी दल का नहीं, यह संकल्प किसी सरकार का नहीं, यह संकल्प सवा सौ करोड़ देशवासियों, सवा सौ करोड़ देशवासियों के जनप्रतिनिधियों, सबका मिलकर संकल्प बनेगा तो मुझे विश वास है कि संकल्प से सिद्धि के पांच साल 2017 से 2022, आजादी के 75 साल, आजादी के दिवानों का सपना पूरा करने के सामर्थ्य वान समय को हम प्रेरणा का कारण बनाएंगे। आज अगस्त क्रांति दिवस पर उन महापुरुषों का स्मरण करते हुए, उनके त्याग, तपस्या, बलिदान का स्मरण करते हुए, उस पुण्य स्मरण से आशीर्वाद मांगते हुए, हम सब मिलकर कुछ बातों पर सहमति बनाकर देश को नेतृत्व दें, देश को समस्याओं से मुक्त करें, सपने, सामर्थ्य, शक्ति और लक्ष्य की पूर्ति के लिए आगे बढ़ें।

माननीय अध्यक्ष जी, इसी अपेक्षा के साथ मैं फिर एक बार आपका आभार व्यक्त करता हूं और आजादी के दीवानों को नमन करता हूं।

श्रीमती सोनिया गांधी (रायबरेली) : स्पीकर महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं। आज हम यहां 75 साल पहले आज ही के दिन 'भारत छोड़ो आंदोलन' की यादों को ताज़ा करने के लिए एकत्रित हुए हैं। मुझे गर्व है कि मैं इस महान् सदन में खड़े होकर इंडियन नेशनल कांग्रेस के अनेक बहादुर महिला, पुरुा कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दे रही हूं, जिन्होंने इस आंदोलन में भाग लिया और हमारी आजादी के लिए बेमिसाल कुर्बानियां दीं। 8 अगस्त, 1942 को मुम्बई में महात्मा गांधी जी के आह्वान पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जवाहर लाल नेहरू द्वारा प्रस्तावित और सरदार पटेल द्वारा समर्थक संकल्प को स्वीकार किया, जिसमें अंग्रेजी हुकूमत से देश छोड़ने को कहा गया था - 'भारत छोड़ो', 'क्विट इंडिया'। इस संकल्प के पारित होने के बाद महात्मा गांधी जी ने अपने भााण के अंत में जो कहा, मैं उसे दोहरा रही हूं। उनके शब्दों में- मैंने कांग्रेस को प्रतिज्ञा दिलाई है कि कांग्रेस 'करे या मरे'। इन शब्दों ने पूरे देश को उत्तेजित कर दिया। अंग्रेजी सरकार ने वर्किंग कमेटी के सभी सदस्यों और अनगिनत कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। हजारों लोगों को 1945 का दूसरा विश्वयुद्ध खत्म होने तक जेल में बंद रखा गया।

जवाहर लाल नेहरू ने जेल में अपना सबसे लंबा समय बिताया और कुछ कांग्रेसी कार्यकर्त्ता बीमारी की वजह से जेल से जिंदा भी बाहर नहीं आ सके। इस आंदोलन को जारी रखने के लिए देश भर में अनगिनत महिलाओं और पुरुाों को अंडरग्राउंड होना पड़ा। अंग्रेजी हुकूमत ने क्रूरतापूर्वक दमन किया और कार्यकर्त्ताओं पर गोलियां बरसायीं। हर हफ्ते दर्जनों लोग मारे गये। उनके आदेशों को नहीं मानने वालों पर कोड़े बरसाये गये। राट्रवादी अखबारों पर पाबंदी लगायी गयी और उन्हें बंद भी कराया गया। सत्यग्राहियों को डराने और धमकाने की कोशिश में पुलिस द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न किया गया। कैदियों की बर्बरतापूर्वक पिटाई की गयी या उन्हें बर्फ की सिलियों पर नंगा करके तब तक लोटने को मजबूर किया गया, जब तक कि वे बेहोश नहीं हो गये। यही नहीं, प्रदर्शनकारी नागरिकों पर हवाई फायरिंग भी की गयी, लेकिन उसके बावजूद भी प्रदर्शनकारी निडर रहे और नहीं झुके।

भारत छोड़ो आंदोलन हमारी आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारी परिवर्तन की मिसाल बन गया, लेकिन इसके लिए हमें अनगिनत कुर्बानियां देनी पड़ीं। आज वही कुर्बानियां हमें एक मौका देती हैं, जब हम पुनः आभार के साथ उन्हें याद करें और उनके प्रति सम्मान दिखायें। आज जब हम उन शहीदों को नमन कर रहे हैं, जो स्वाधीनता संग्राम में सबसे अगली कतार में रहे, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उस दौर में ऐसे संगठन और व्यक्ति भी थे, जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन का विरोध किया था। हमारे देश को आजादी दिलाने में इन तत्वों का कोई योगदान नहीं रहा। ...(व्यवधान)

महोदया, मुझे लगता है कि जब हम क्विट इंडिया की 75वीं सालगिरह मना रहे हैं, तब देशवासियों के मन में कई आशंकाएं भी हैं। यह एहसास गहरा होता जा रहा है कि क्या अंधकार की शक्तियां हमारे बीच फिर तेजी से उभर नहीं रहीं? क्या जहां आजादी का माहौल था, वहां भय नहीं फैल रहा है? क्या जनतंत्र की उस बुनियाद को नट करने की कोशिश नहीं हो रही है, जो विचारों, स्वेच्छा, आस्था, समानता, सामाजिक न्याय की आजादी और कानून सम्मत व्यवस्था पर आधारित है?

महोदया, भारत छोड़ो आंदोलन की सालगिरह का समारोह हम सबको इस बात की याद दिलाता है कि हम भारत के विचार को एक संकीर्ण मानसिकता वाले विभाजनकारी और साम्प्रदायिक सोच का कैदी न तो बनने दे सकते हैं और न ही बनने देंगे। महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने एक समवेशी बाहुलतावादी, लोकतांत्रिक और न्याय संगत भारत के लिए लड़ाई लड़ी। यह एक ऐसा विचार था, जिसे उन्होंने हमारे संविधान में स्थापित किया। लेकिन ऐसा लगता है कि इस सृटि पर आज नफरत और विभाजन की राजनीति के बादल छा गए हैं। ऐसा लगता है कि सेक्युलर, लोकतांत्रिक और उदारवादी मूल्य खतरे में पड़ते जा रहे हैं।

पब्लिक स्पेस में असहमति, बहस और विचारों की विभिन्नता की गुंजाइश कम होती जा रही है। कई बार कानून के राज पर भी गैर-कानूनी शक्तियां हावी दिखाई देती हैं।

महोदया, भारत छोड़ा आन्दोलन एक यादगार है, जो हम सबको प्रेरणा देती है कि अगर हमें अपनी आजादी को सुरक्षित रखना है, तो हमें हर तरह की दमनकारी शक्तियों के खिलाफ संघर्ा करना होगा, चाहे वे कितनी भी समर्थ या सक्षम हों। हमें आज भी उस भारत के लिए लड़ना है, जिस भारत में हम विश्वास करते हैं, जो भारत हमें प्यारा है, जिस भारत में जन-जन आजाद है और उसकी आजादी निर्विवाद है। आपको बहुत-बहुत शुक्रिया, धन्यवाद। जय हिन्द।

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): *Hon. Madam Speaker, Vanakkam. We are celebrating the 75th anniversary of Quit India Movement. The father of our nation, Mahatma Gandhi, gave the clarion call and led the Indians asking the British to quit our country. Many leaders had sacrificed their lives for liberating our country from the clutches of the British. We call this movement as Quit India Movement.

SOME HON. MEMBERS: Madam, there is no translation.

माननीय अध्यक्ष : आपने इंटीमेशन नहीं दी थी।

DR. M. THAMBIDURAI: Madam, others are not able to get the translation. What is the situation now? If I want to speak in Tamil, I have to get permission and then you can get the translation. If you have to speak in other languages also, you have to take permission.

HON. SPEAKER: This is not permission. You have to only inform in advance.

DR. M. THAMBIDURAI: I cannot get simultaneous translation of my language. When others speak, I have to listen to that only in Hindi or English. I do not get simultaneous translation in Tamil or in other languages. Now, I am forced to speak in English.

HON. SPEAKER: If you had informed in advance, definitely you would have been provided with translation. There are Interpreters.

DR. M. THAMBIDURAI: We have to listen to speeches only in Hindi or English and not in Tamil. If somebody is speaking in Bengali, we have to listen to that only in Hindi or English. This is what I want to say.

माननीय अध्यक्ष : टेक्नोलॉजी से करेंगे।

DR. M. THAMBIDURAI: The Quit India Movement was a Civil Disobedience Movement launched by Mahatma Gandhi in the month of August 1942 during World War II demanding an end to the British rule in India. This mega movement was also known as the August Movement of India.

After the failure of Cripps Mission, Mahatma Gandhi made a call of "Do or die" in his Quit India speech delivered in the then Bombay. Mass protests were launched across the country demanding an "orderly British withdrawal" from India and majority of the leaders fighting for independence were arrested within hours of Gandhi's speech.

As soon as the call for Civil Disobedience was made, all the national leaders were arrested. Due to the absence of any leader outside, the masses turned violent and burnt government offices. The Army was called in and about a lakh people were arrested. The leaders had no contact with anyone from inside the jail. Civil rights, freedom of speech and freedom of the Press were abolished by the British.

The Quit India Movement was an important landmark in India's struggle for freedom from British colonization. It instilled a new confidence among the Indian masses and aroused a spirit of total sacrifice in them. The Movement attracted participation from a large number of people including such varied professions as peasants, workers, lawyers, professors, teachers, soldiers, etc. All of them joined the Movement.

The most important effect of the Quit India Movement was that it made the British realise that in the context of the crippling effects of the Second World War on Britain's resources and the bitter opposition to its rule India, it would be very difficult to continue ruling the Indians.

Madam, in your speech, you mentioned many incidents which took place in the Quit India Movement. At that time, Tamil Nadu also contributed a lot while participating in the Quit India Movement.

Tamil Nadu played an important role in the Indian National Movement. Even prior to the Great Revolt of 1857, the rebellion in Panchalam Kurichi, the 1801 South Indian Rebellion of Marudu Brothers and the Vellore Mutiny of 1806 were the early anti-colonial struggles in Tamil Nadu. During the nationalist era, Tamil Nadu provided leaders like G. Subramania Iyer, V.O. Chidambaram Pillai, Subramania Bharati, C. Rajagopalachari, K. Kamaraj, Thiru Satyamurti and Thanthai Periyar to the National Movement.

You know very well that Thanthai Periyar was in the Congress in the beginning and then he had difference of opinion with Rajaji. So, he left the Congress. When he found the Dravadian Party, he fought against the British. This is history.

Our leader, Arignar Anna asked the people of Tamil Nadu to celebrate Independence Day when the British left India and handed over the Government to us on 15th August, 1947.

I want to mention an interesting thing in this august House. My leader, Puratchi Thalaivar, MGR was a staunch follower of Mahatma Gandhi. MGR joined our Party, that is, DMK, in 1953, and founded

AIADMK afterwards. Before that, when he was a staunch follower of Mahatma Gandhi, he advocated Gandhian principles and wanted to wear only *khadi* clothes. At that time, his mother was against wearing *khadi.* When the marriage of MGR took place, MGR had put a condition to his mother that if at all any marriage ceremony is to take place for him, it will take place only if he wears *khadi* shirt and *khadi* dhoti. Then it happened as he wished. That is the contribution of MGR for the National Movement. So, even if the Dravadian Movement had differences with the Congress in those days, we fought for our freedom and upheld our principles to fight against the British.

Madam, I would like to mention some incidents which took place in Tamil Nadu. During the Quit India Movement, the city of Madras (now known as Chennai) was the scene of hartals, strikes, riots and all sorts of acts of violence.

Dr. B.S. Baliga describes the scene as follows: “In North Acrcot, besides hartals and demonstrations, telephone and telegraph wires were cut; post boxes were removed; the Public Works Inspection bungalow at Panapakkam and police huts at Vellore were burnt.” At that time, the British imposed fines on people amounting to Rs. 6535 at that time.

It happened not only in that place but also in other places like Chengalpattu. Many students from various colleges like Madras Christian College, and Loyola College came out and launched an agitation during the Quit India Movement. This kind of incidents took place not only in Chengalpattu but also in Coimbatore and other places.

I want to make an important point. An ammunition train from Cochin consisting of two engines and 44 wagons was derailed by the saboteurs between Podanur and Singanallur railway stations. Attempts were made to derail trains at Pollachi. A village Chawadi near Karnalur was attacked and damaged and several toddy shops were burnt down at Singanallur. All sheds of the Sulur aerodrome were set on fire those days.

Besides imposing collective fines on certain villages amounting to Rs. 35,410, the Coimbatore Municipal Council was suspended for six months for supporting the Quit India Movement and for condemning the repressive policy of the Government. In Madurai, similar incidents of violence were resorted to. Madurai became the storm centre of the Movement and called for frequent interference of the military and the police.

The agitation was more or less violent in all parts of India and South India was exceptionally enthusiastic in producing the maximum effect of disconcert against the Government. Students’ participation in full was the special character of this agitation.

In conclusion, I would like to make this observation. Quit India Movement, though unsuccessful in achieving its main objective in the short run, in the long run it gave that kind of momentum to get the

freedom in 1947. The Indian national movement also promoted the idea of elected provincial Governments wherein some of the more important subjects were delegated to the provincial State Governments. Cooperative federalism formed the bedrock on which the national movement thrived.

Today I have seen a slogan in the newspaper given by the hon. Prime Minister. He said: "Let us pledge to work shoulder to shoulder and dedicate ourselves towards creating a new India that would make our freedom fighters proud." That is what he said. There is also a new India pledge. In that they have said: "Let us together pledge towards a clean India. Let us go together and pledge towards a poverty-free India. Let us go together, pledge towards a corruption-free India. Let us together pledge towards a terrorism-free India. Let us together pledge towards a communalism-free India. Let us together pledge towards a casteism-free India." It is excellent.

At the same time, I want to add two things. They are: "Let us go together and pledge to see that all our languages of this country are called national languages and not regional languages'. Let us pledge to see that all languages, including Tamil, Telugu, Bengali, etc. are recognized as official languages of this country." It is because all our forefathers fought for freedom. They gave their lives to protect our culture, language, etc. It is the bounden duty of Parliament to protect all the languages and give equal status to all the languages instead of giving priority to one language. That is my request. Thank you very much.

PROF. SUGATA BOSE (JADAVPUR): Madam Speaker, 9th August is a red-letter day in Indian history. On this day, 75 years ago, ordinary Indians became heroes when they responded to Mahatma Gandhi's death-defying call, '*karenge ya marenge*', to make colossal sacrifices in their resolve to force the British to quit India. Our first duty today is to together pay reverent homage to the noble martyrs of the '*Bharat Chhoro Andolan*' who gave their all so that we may be born in free India.

Mahatma Gandhi had drafted his historic Quit India resolution as early as April of 1942. He indicated in interviews that he was even prepared to take the risk of violence to end the 'great calamity of slavery'. It was a somewhat toned down version of Gandhi ji's radical Quit India resolution that was eventually moved by Pandit Jawaharlal Nehru and adopted by the Congress on 8th August 1942.

As our Prime Minister, Narendra Modiji, has said, in his eloquent and stirring speech, the Quit India Movement turned out to be the biggest civilian uprising in India since the great rebellion of 1857. It was led and orchestrated by middle-ranking leaders because all the top leaders were clapped into jail in the early morning hours of 9th August, 1942. It began as an urban movement of students, youth and workers. My own father was severely wounded as he led a students' procession in the streets of Calcutta on 13th August, 1942. In late September, 1942 the uprising spread to the countryside, where huge

crowds of peasants attacked all symbols of British authority, including revenue offices, post offices, police stations and so on. In some instances, arms were looted from the captured police stations. British administration collapsed in many districts of Bihar and Jharkhand, Eastern U.P. Bengal, especially in Medinipur District, Odisha and Maharashtra, especially in Satara District. Bihar and Jharkhand, which was the storm centre of the rebellion, saw strong participation by peasants and Adivasis. Everywhere, Madam Speaker, women played a crucial role in the resistance. Mantangini Hazra showed that the dignity of the Indian tricolour was more precious to her than her own life as she was shot down in Tamluk. Parallel Governments were set up in liberated localities. But overwhelming British might ultimately prevailed by March, 1943, even though the underground leaders like Jai Prakash Narain, Ram Manohar Lohia and Aruna Asaf Ali were not apprehended until later.

Our Prime Minister, Narendra Modiji, mentioned Netaji Subhash Chandra Bose and how he had made common cause with Mahatma Gandhi in 1942. He said in a broadcast on the 17th August, 1942:

> "The whole world now sees that the velvet glove, which ordinarily hides the mailed fist of Britain, has now been cast away and brute force – naked and unashamed – rules over India. Behind the thick screen of gas, underneath the heavy blows of police batons and the continual whistle of bullets and the angry defiance of the injured and the dying – the soul of India asks – 'Where are the four freedoms?' The words float over the seven seas to all corners of the globe, but Washington does not reply. After a pause, the soul of India asks again, 'Where is the Atlantic Charter, which guaranteed to every nation its own Government?' This time Downing Street and White House reply simultaneously – 'That Charter was not meant for India.'"

Netaji had desperately wanted to be in Asia by August, 1942. But his submarine voyage from Europe to Asia could not be arranged until February, 1943. Had the armed thrust of the Azad Hind Fauj coincided with the internal rebellion of the Quit India Movement, then the history of our country might have taken an even more glorious turn.

Our Prime Minister, Narendra Modiji, has announced in his speech that the five years from 2017 to 2022 should replicate the extraordinary journey of 1942 to 1947, from *sankalp* to *siddhi.* Great events did indeed take place between 1942 and 1947, including the Quit India Movement, the armed struggle of the Azad Hind Fauj and the popular upsurge at the time of the Red Fort trial in the winter of 1945-46. But how can we forget that there was a gap between *sankalp* and *siddhi* in 1947. We got independent India, but unfortunately we did not get united India at that time.

Nehru's famous "Tryst with Destiny" speech began with an honest confession. The pledge of freedom, he said, was being redeemed "not wholly or in full measure, but very substantially". He paid tribute to the architect of our freedom, the author of the Quit India Resolution. He said, "We have often

been unworthy followers of his and have strayed from his message." Mahatma Gandhi's silence spoke louder than Nehru's eloquence. Far away from the celebrations in New Delhi, Mahatma Gandhi chose to spend Independence Day in Calcutta. The Information and Broadcasting Ministry of the Government of India had asked him for a message; and he said: "He had run dry".

The 75th Anniversary of the Quit India Movement and the 70th Anniversary of Independence, Madam Speaker, call for soul-searching introspection rather than chest-thumping celebration. It was the Mahatma's moral force, which ensured that peace reigned in Calcutta on 15th August, 1947; and Hindus and Muslims chanted "Jai Hind" in unison. Gandhiji published an article "Miracle or Accident" on 16th August, 1947; and he said: "This peace was neither miracle nor accident. It was the determination of human beings to dance to God's tune." 'We have drunk the poison of mutual hatred'. Gandhiji wrote in *Harijan* "and so this nectar of fraternisation tastes all the sweeter, and the sweetness should never wear out."

The final five and a half months of Gandhji's life constituted a message for the predicament that we face in India today. Gandhiji had a keen insight when he commented: "Irreligion masquerades as religion." Today, we see irreligion masquerading as religion. When the first AICC Session met in mid November 1947, Gandhiji had a clear message for the ruling party and the Government of the day. 'No Muslim in the Indian Union', he told them 'should feel his life unsafe.' Then, of course, he went on his final fast on 12th January, 1948 to maintain peace in this great land of ours. On 23rd January, by the way, which was Netaji Subhas Chandra Bose's Birth Day, he said: "Subhas knew no provincialism nor communal differences" and "had in his brave army, men and women drawn from all over India without distinction and evoked affection and loyalty, which very few have been able to evoke." "In memory of that great patriot", he called upon his countrymen to "cleanse their hearts of all communal bitterness."

The 75th Anniversary of the Quit India Movement and the approaching 70th Anniversary of Freedom may be an apt occasion to ponder the relationship between the past and the future, between the old and the new.

Narendra Modiji has been talking about building a new India by 2022. We too have a dream for a new India inspired by the great leaders from the past. "Let new India arise", Swami Vivekananda had proclaimed, "arise out of the peasants' cottage, grasping the plough; out of the huts of the fishermen, the cobbler, and the sweeper." His message of equality went beyond class to encompass gender and caste as well. He said that there were two great evils in our country – trampling on the women and grinding the poor through caste restrictions. Vivekananda's vision was fundamentally one of religious harmony. That is what led him to proclaim: "We believe not only in universal toleration, but we accept all religions are true."

Vivekananda taught us to mix with all the races of the earth. "And every Hindu that goes out to travel in foreign parts," he believed, "renders more benefit to his country than hundreds of men who are bundles of superstition and selfishness." The sage held a balanced view of ancient India, which contemporary champions of India's past would do well to heed. "There were many good things in the ancient times," according to Vivekananda, "but there were bad things too. The good things are to be retained, but the India that is to be, the future India, must be much greater than ancient India."

Madam Speaker, it is not easy to be rid of bad things from the past. Today, in some parts of the country, we are witnessing a recrudescence of the hatred that had marked the cow protection movements of the 1890s, and the *shuddhi* and *sangathan* movements of the late 1920s. Rabindranath Tagore's book, *Nationalism* published exactly a hundred years ago in 1917, has a passage that sounds like an uncanny foretelling of the social and political crisis besetting India today. "The social habit of mind", he wrote, "which impels us to make the life of our fellow beings a burden to them where they differ from us even in such a thing as their choice of food is sure to persist in our political organisation and result in creating engines of coercion to crush every rational difference which is the sign of life."

I appeal to the Prime Minister to stop the engines of coercion in their tracks. Faith in India's destiny rescues us from debilitating pessimism in the face of ferocious assaults on the expression of rational difference. The song composed by Rabindranath that we have adopted as our National Anthem offers thanks to *"Bharata Bhagya Bidhata"* for the divine benediction showered so generously on our country and our people. The poet's lyrics sang a paean to the expression of this divine glory that had many attributes – the *"Janaganamangaldayak"*, the Giver of grace, was at the same time, in the later verses of the song, the *"Janagana-aikya-bidhayak"* – the One who crafted unity out of India's myriad religious and regional diversity. The "*Janaganadukhatrayak"* appears in feminine form.

"Ghor timir ghana nibir nishithe peerita murchhita deshe

Jagrata chhilo taba abichala mangala nata nayane animeshe

Duhswapne atanke raksha korile anke

Snehamayee tumi Mata"

The maker of India's destiny gives solace in the darkest of times and offers hope that the terror of the current nightmare will pass.

"The appointed day has come," Nehru said of the tryst, "the day appointed by destiny". Was 15th August, 1947 the day appointed by destiny? Viceroy Mountbatten chose the day randomly as he tried to quit India with the least possible harm to British interests. Yet, exactly two years before

Independence on 15th August, 1945, Netaji Subhas Chandra Bose had issued a poignant last Order of the Day to those who fought under his leadership for India's freedom: "Never for a moment falter in your faith in India's destiny. India shall be free and before long."

Today, we need to rekindle the spirit of our great freedom struggle. Narendra Modi ji says that the next five years will be transformative. We sometimes wonder when he says that these years will be transformative because the three top Constitutional posts are held by people belonging to the same ideology, we cannot but expresses some concern. We need to be clear about what our *sankalp* is for 2022. If he truly wants all evils to quit India by 2022, including communalism, in the pejorative sense of that word, we hope that he will unambiguously condemn and take stronger action against those who are spreading the poison of hatred and killing human beings in the name of religion.

In conclusion, Madam Speaker, a galaxy of great leaders including Mahatma Gandhi, Netaji Subhas Chandra Bose and Pandit Jawaharlal Nehru led the people of India on their brave journey towards freedom. After Independence, sometimes we have had to ask and say: *"Manzil unko mile jo sharik-e-safar na the."* That is why, today, we have to make sure that we do not have a vision of untrammelled dominance of one community and one language. I agree with Dr. Thambidurai that we must counter-pose an alternative and a better vision of a new India based on the cultural intimacy of all India's different communities. A part of the battle for the soul of India will be fought in the realm of ideas not in the trenches of party politics. So, let us have a healthy democratic contest during the next five years. I know that those who are occupying the treasury benches today have their own *gurujies*. But for the next five years, I would invite them to join us on a journey on the broad highway illuminated by the halo of Mahatma Gandhi.

Let us banish poverty, illiteracy and disease from this great land of ours. Our new India will be the most vibrant economy in the world with its inhabitants enjoying universal access to education and health care. Our new India will be home to some of the greatest institutions of learning attracting the finest faculty and students from all over the world. An overarching sense of Indian nationhood will happily coexist with multiple identities of our diverse populace. We will celebrate and respect our differences to rise above them.

To move from that resolution to accomplishment, from that *sankalp* to *siddhi*, we need peace. To ensure peace, we must avoid all temptations to be chauvinistic and jingoistic. To build a truly great new India by the 75th anniversary of our Independence, we must have a grand vision inspired by a broad, generous and imaginative conception of India's place in the world and our contributions to the cause of humanity. It is time for us, as democratically elected representatives of the people of India, to not just affirm today's resolution that you, Madam Speaker, are placing before us, but also to renew the famous

midnight pledge "…to India, our much-loved motherland, the ancient, the eternal and the ever-new, we pay our reverent homage and we bind ourselves afresh to her service. Jai Hind. Jai Hind."

माननीय अध्यक्ष : मुझे ऐसा लगता है कि हमने प्रत्येक पार्टी के व्यक्ति को बोलने के लिए कहा था, लेकिन जो छोटी पार्टियां हैं, उनसे मेरी रिक्वेस्ट है कि उनके प्रमुख अपना भााण ले कर दें, केवल लीडर्स ऑफ द पार्टी के लिए बोल रही हूं, छोटी-छोटी पार्टियों को, सभी को समय मिलेगा। यदि वे अपना वक्तव्य टेबल करें, तो ज्यादा सुविधाजनक रहेगा। जिससे हम एक बजे अपना संकल्प पूरा कर सकेंगे।

श्री आनंदराव अडसुल (अमरावती): अध्यक्ष महोदया जी, बहुत ही महत्वपूर्ण विाय है। 'अगस्त क्रांति दिन' जिसका 75वां र्वा हम सम्मान के साथ मनाने जा रहे हैं। यह एक अमृत महोत्सव का भी दिन है। आपने इस चर्चा की शुरूआत की, यह भी एक विशिटता है। आपने पूरे देश को एक संदेश दिया। भारत छोड़ो के साथ-साथ अभी भारत जुड़ने के दिन आए हैं, यह आपके अपने वक्तव्य में आया। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने भी अपना वक्तव्य दिया। वह तो पूरे देश और दुनिया में एक अच्छे वक्ता के रूप में सामने आए हैं। आदरणीय सोनिया गांधी जी का वक्तव्य भी मैंने सुना। वह भी बहुत अच्छा वक्तव्य था, अच्छी हिंदी में था। उन्होंने इंडियन नेशनल कांग्रेस के ऊपर जोर दिया। मैं समझ सकता हूं कि इस स्वातंत्र्य संग्राम के दिन, र्वा 1885 की बात है, दादा भाई नौरोजी की अध्यक्षता में कांग्रेस की स्थापना हुई। उस समय दूसरे पक्ष आगे नहीं आए थे तो ज्यादा जोर देने की बात मैं समझ सकता हूं।

